CMYK

सीमा सन्देश
जयपुर, रविवार, 22 सितम्बर, 2024

हवा में सापेक्ष आर्द्रता
सुबह 98 %
सांय 81 %

अधिकतम तापमान 29.2°
न्यूनतम तापमान 22.7°

झुंझुनं,सीकर, बाड़मेर

शेखावाटी सन्देश

नेट थिएट पर नाटक गूंगे

समाज में व्याप्त गूंगेपन को बयां करती गूंगे

जयपुर (कासं)। नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज नाद सोसायटी के रंग मंडल की ओर से रागेय राघव की कहानी पर आधारित नाटक गूंगे का सशक्त मंचन किया । इसका निर्देशन रंगकर्मी अनिल मारवाड़ी ने किया।

नेट थिएट की राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि नाटक के मुख्य पात्र मनोज स्वामी ने अपने अभिनय से विभिन्न पात्रों को जिया उन्होंने समाज में व्याप्त गूंगेपन को अपने अभिनय से दर्शा कर सभी को भावुक कर दिया । गूंगे की भूमिका में वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने अपने पात्र के साथ न्याय किया और अपने अभिनय से दर्शकों को झकझोर दिया ।

कथासार

कहानी का मूल भाव है कि समाज में आज हर कोई गूंगा है.... कहानी का पात्र तो शारीरिक कमी के कारण गूंगा है जबकि आज के संदर्भ में देखें तो चारों और गूंगापन पसरा हुआ है. कहानी में गूंगा पात्र स्वाभिमान और मेहनत का प्रतीक है. यह एक मार्मिक और प्रेरणादायक कहानी है। जिसके माध्यम से लेखक ने यह सन्देश देने की कोशिश की है कि भले ही जीवन में कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आ जाएं, मनुष्य को कभी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए और हमेशा मेहनत और ईमानदारी के सहारे जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। कहानी एक गूँगे लड़के की है जिसमें शोषित एवं पीड़ित मानव की असहाय स्थिति का मार्मिक चित्रण किया गया है। गूँगे में ऐसी तड़पन है जो पाठक के हृदय को झकझोर देती है।

गूँगा बालक एक अनाथ बालक है जो सभी का दया का पात्र है। वह जन्म से बहरा होने के कारण गूँगा है। वह सुख-दुख जो कुछ भी अनुभव करता है, उसे इशारों के माध्यम से प्रकट करता है। जिनके हृदय की प्रतिहिंसा न्याय और अन्याय को परखकर भी अत्याचार को चुनौती नहीं दे सकते, क्योंक बोलने के लिए स्वर होकर भी स्वर में अर्थ नहीं है, क्योंकि वे असमर्थ हैं।

कार्यक्रम में खुशखरीद के देवेंद्र सिंघवी की ओर से कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए ।

कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी, प्रकाश विनोद सागर गढ़वाल, सेट मीहिजा शर्मा,कवितेश शर्मा,कैमरा जीवितेश शर्मा और संगीत अंकित शर्मा नोनू का रहा ।

विश्व शांति दिवस पर योग के माध्यम से दुनिया को दिया शांति का संदेश

चिड़ावा (सीमा सन्देश सं)। राष्ट्रीय साहित्यिक, सांस्कृतिक व सामाजिक संस्थान आदर्श समाज समिति इंडिया के कार्यालय सूरजगढ़ में विश्व शांति दिवस पर धर्मपाल गाँधी की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्व को शांति का मार्ग दिखाने वाले सत्य और अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को नमन करते हुए योगाचार्य डॉ. प्रीतम सिंह खुगांई के नेतृत्व में आकाश योग केंद्र बलौदा के बच्चों ने योग कला का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए दुनिया को शांति का संदेश दिया। गोल्ड मेडलिस्ट योगा खिलाड़ी सुदेश खरड़िया ने अष्टांग योग के बारे में विस्तार से बताया और योग का महत्व समझाते हुए बताया कि कैसे हम योग के माध्यम से मन, मस्तिष्क और शरीर को शांत और स्वस्थ रख सकते हैं।

योग के माध्यम से हम पूरी दुनिया को जोड़ सकते हैं और अच्छे विचारों का ग्रहण कर पूरी दुनिया में शांति स्थापित कर सकते हैं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हमें शांति व अमन की बेहद जरूरत है। संघर्ष, आतंक और अशांति के इस दौर में अमन की अहमियत का प्रचार-प्रसार करना बेहद जरूरी और प्रासंगिक हो गया है। शिक्षाविद् राजपाल सिंह फौगाट, सुमेर सिंह गुरावड़िया घंडावा, शिवदान सिंह भालोठिया, डॉ. प्रीतम सिंह खुगांई, सुदेश खरड़िया, खुशी वर्मा, विशाल बेरला आदि वक्ताओं ने विश्व शांति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सभा को संबोधित किया। आदर्श समाज समिति इंडिया महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेनू मिश्रा दीपशिखा और संस्थान की ब्रांड एंबेसडर फिल्म अभिनेत्री श्री मेसवाल ने ऑनलाइन कार्यक्रम में भाग लिया।

आदर्श समाज समिति इंडिया की ओर से कार्यक्रम में भाग लेने वाले योगा खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया और कार्यक्रम में पधारे हुए अतिथियों को धर्मपाल गाँधी द्वारा लिखित पुस्तक,'हिन्द की क्रांतिकारी बेटियाँ' और 'आजादी के दीवाने' भेंट की गई। इस अवसर पर आदर्श समाज समिति इंडिया के अध्यक्ष धर्मपाल गाँधी ने कहा- आज प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना होगा कि इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है। सभी के लिए सामाजिक और आर्थिक विकास हासिल करने और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए कदम उठाए बिना शांतिपूर्ण दुनिया का निर्माण संभव नहीं है। ये लक्ष्य गरीबी, भुखमरी, स्वास्थ्य, शिक्षा, जलवायु परिवर्तन, लैंगिक समानता, जल, स्वच्छता, ऊर्जा, पर्यावरण और सामाजिक न्याय सहित हमारे सामने आने वाली वैश्विक चुनौतियों को संबोधित करते हैं। दुनिया भर के राष्ट्र और समुदाय गरीबी और बीमारी, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल के साथ संघर्ष कर रहे हैं। परमाणु युग के इस दौर में हमें आवश्यक है कि लोगों से शांति की अपील की जाये। सद्भाव, अहिंसा, भाईचारे और इंसानियत का पाठ पढ़ाया जाये ताकि आने वाली नस्लों को जीने के लिए एक बेहतर जगह मिल सके। आदर्श समाज समिति इंडिया का मुख्य लक्ष्य विश्व में शांति स्थापित करना है। विश्व शांति के लिए संस्थान द्वारा समय-समय पर साहित्यिक और शांति सम्मेलन आयोजित किये जाते हैं।

भविष्य में वैश्विक स्तर पर योग, साहित्य, कला एवं संस्कृति पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। संस्थान द्वारा भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय शांति सम्मेलन का आयोजन भी किया जायेगा। दुनिया का हर व्यक्ति शांति से जीना चाहता है; शांति हर व्यक्ति की आवश्यकता है। इसलिए हमें नफरत और घृणा को त्यागकर प्रेम का मार्ग अपनाना होगा। दुनिया में असंभव कुछ भी नहीं है, अगर हम सभी चाहेंगे तो विश्व में शांति स्थापित कर सकते हैं। इस मौके पर समाजसेवी इंद्र सिंह शिल्ला, बाबूलाल बडगूजर, महेंद्र सिंह बरवड़, सुल्तान सिंह गुरावड़िया, सत्यदेव शर्मा पुजारी बिशनपुरा, सुमेर सिंह गुरावड़िया, धर्मपाल गाँधी, डॉ. प्रीतम सिंह खुगांई, राजपाल सिंह फौगाट, शिवदान सिंह भालोठिया, उम्मेद सिंह शिल्ला, सुदेश खरड़िया, सुनील गाँधी, खुशी वर्मा, अंजू गाँधी, मनीषा, विशाल बेरला, पवन कुमार भारतीय, मोहित आदि अन्य लोग मौजूद रहे। आदर्श समाज समिति इंडिया के अध्यक्ष धर्मपाल गाँधी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

» न्यूज-ब्रीफ

डूण्डलोद पब्लिक स्कूल झुंझुनूँ के दो खिलाड़ियों का बास्केटबाल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)। डूण्डलोद पब्लिक स्कूल झुंझुनूँ के दो खिलाड़ियों का बास्केटबाल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। स्कूल की छात्रा खुशबू कक्षा 8वीं का 14 वर्षीय छात्रा वर्ग बास्केटबाल एवं तनिश श्योराण, कक्षा 9वीं का 17 वर्षीय छात्र बास्केटबाल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है। प्राचार्य डॉ सतबीर सिंह ने बताया कि 14 वर्षीय छात्रा वर्ग के खिलाड़ी दिनांक 26 सितंबर से दो अक्टूबर तक फ्यूचर लिंक टेक्नो स्कूल, बाड़मेर में तथा 17 वर्षीय छात्र वर्ग में दिनांक 29 सितंबर से पांच अक्टूबर तक पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाली में होने वाली प्रतियोगता में भाग लेंगे। विद्यालय आगमन पर ऑवर ऑल इंचार्ज लीलावती एवं समस्त स्कूल स्टाफ ने राज्य स्तर पर चयनित खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया। संस्था सचिव बी.एल.रणवा ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

पोदार बी.एड. कॉलेज में विश्व स्वच्छता दिवस मनाया

नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)। सेठ ज्ञानीराम बंशीधर पोदार टी. टी. कॉलेज में सभी स्टाफ सदस्य एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा विश्व स्वच्छता दिवस मनाया गया। जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की। प्राचार्य डॉ. दुर्गा भोजक ने समस्त प्रशिक्षणार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस समारोहपूर्वक संपन्न, स्काउट गाइड्स ने निकाली शांति रैली

झुंझुनूं (सीमास न्देश सं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस का आयोजन उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज मील के मुख्य आतिथ्य में स्काउट गाइड कार्यालय में समारोहपूर्वक आयोजित किया गया।

सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि आयोजन से पूर्व स्काउट गाइड द्वारा विश्व शांति के लिए शांति की संस्कृति विकास के तहत रैली का आयोजन किया गया। रैली स्काउट कार्यालय से प्रारंभ होकर कारूंडिया रोड, बापू बस्ती, कुमावत बस्ती, मोदी रोड, गांधी पार्क होते हुए पुनः स्काउट गाइड कार्यालय पहुंची। कार्यालय परिसर में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि उपभोक्ता के अध्यक्ष मनोज मील ने उपस्थित स्काउट गाइड रोवर रेंजर्स को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिपेक्ष में विश्व स्तर पर शांति की महत्ती आवश्यकता है। चारों तरफ एक देश दूसरे देश के विरुद्ध युद्ध के लिए खड़ा है। चाहे रूस यूक्रेन युद्ध हो या इजराइल फिलिस्तीन युद्ध इस प्रकार से चारों तरफ अपने-अपने क्षेत्र को विस्तार करने के लिए निरंतर बड़े देश छोटे देश पर हावी हो रहे हैं।

फलस्वरूप विश्व शांति पर असर पड़ रहा है। चूंकि स्काउट गाइड विश्व व्यापी संगठन है और शांति का सजग प्रहरी है। इसलिए स्काउट गाइड के माध्यम से हमें न केवल विश्व अपितु अपने देश, समाज और गांव में भी शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मील ने उपस्थित रोवर्स रेंजर्स को उपभोक्ता अधिकारों के बारे में जागरूक किया और बताया कि हमें उपभोक्ता संरक्षण के लिए सजग रहना चाहिए एवं बाजार से कोई सामग्री क्रय करने पर उसका बिल आवश्यक रूप से लेना चाहिए तथा किसी भी सामग्री को सही जांच परख कर ही खरीदें। इस अवसर पर स्काउट गाइड संगठन के विभिन्न पदाधिकारी, सचिव बंशीलाल, दीपिका सोनी, सुनिता, अनिता सैनी, दर्शना, रिद्धि सहित स्काउट गाइड प्रभारी एवं विभिन्न विद्यालयों के रोवर्स, रेंजर्स, स्काउट गाइड उपस्थित रहे।

जूली का किया स्वागत

झुंझुनूं। अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी के संरक्षक महावीर प्रसाद सानेल के नेतृत्व में संस्था के सदस्यों ने झुंझुनूं की धरा पर पधारने पर राजस्थान विधानसभा प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली व सुजानगढ़ के विधायक मनोज मेघवाल का सर्किट हाउस में साफा और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

मेधावी विद्यार्थियों को मिला टेबलेट

झुंझुनूं। राउमावि कलगांव ब्लॉक सिंघाना के पांच मेधावी विद्यार्थियों को निशुल्क टेबलेट वितरण किया गया है। शहीद कर्नल जयप्रकाश जानूं राउमावि झुंझुनूं में किया गया। जिसमें विद्यालय की सैकंडरी बोर्ड परीक्षा 2023 की टॉपर छात्रा खुशी अग्रवाल 89.33 प्रतिशत, रिया सैनी 87.83, लीलावती तानाण 87.83, सोनू तेतरवाल 86 तथा 2022 के आठवीं बोर्ड के टॉपर तनुज यादव को निशुल्क टैबलेट प्रदान करने पर समस्त विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों ने खुशी जाहिर की है।

सूचना

हमारे पिता फूलचंद ढाका पुत्र मोटाराम के नाम से परिवहन विभाग में ट्रेक्टर नं. आरजे–18, आरए–4801 पंजीकृत है। हमारे पिता फूलचंद की मृत्यु 8.04.2018 व माता जयंती देवी की मृत्यु 14.02.96 को हो चुकी है। अब यह ट्रेक्टर हमारे सगे भाई मोहन सिंह पुत्र फूलचंद ढाका के नाम से पंजीकृत करवाना चाहते है। जिस किसी को आपत्ति हो सात दिवस में जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय झुंझुनूं में आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद मियाद आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

रामकुमार सिंह, बीरबल सिंह, विद्याधर सिंह पुत्रान स्व. श्री फूलचंद ढाका, रामकोरी, बसंती पुत्रियां स्व. फूलचंद ढाका जाति जाट निवासीगण कंवरपुरा बालाजी, डूंडलोद, तहसील नवलगढ़, जिला झुंझुनूं राजस्थान

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का झुंझुनूं पहुंचने पर भव्य स्वागत

- राजस्थान मदरसा बोर्ड चेयरमैन एमडी चोपदार ने शहीदों की स्मारिका भेंट की

झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)। राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने झुंझुनूं पहुंचकर कांग्रेसी नेतागणों एवं कार्यकताओं से मुलाकात की।

टीकाराम जूली ने उपस्थित कांग्रेसीजनों से आगामी विधानसभा उप चुनाव को लेकर चर्चा करते हुए एकजुट होकर चुनाव में उतरने का आह्वान किया। टीकाराम जूली के झुंझुनू पधारने पर समस्त कांग्रेसजनों ने उनका सूत की माला पहनाकर स्वागत किया एवं जिला कांग्रेस कमेटी की तरफ से झुंझुनूं कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा ने उन्हें चित्र भेंट कर सम्मान किया। राजस्थान मदरसा बोर्ड अध्यक्ष एमडी चोपदार ने टीकाराम जूली, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल एवं झुंझुनूं कांग्रेस प्रभारी रामसिंह कस्वां जी को शेखावाटी क्षेत्र के सेना के शहीदों की स्मारिका भेंट की। टीकाराम जूली ने इस दौरान प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा उप चुनावों में कांग्रेस पार्टी मजबूती से एकजुट होकर चुनाव लड़ेगी और सभी सात विधानसभा सीटों पर विजयी परचम लहराएगी। इस दौरान जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेतागण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

सुपोषण जागरूकता अभियान का आयोजन

चिड़ावा (सीमा सन्देश सं)। शहरके बगर स्थित सेवा भारती समिति चिड़ावा द्वारा सेंट विवेकानंद स्कूल के ऑडिटोरियम में सुपोषण जागरूकता अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला संघचालक अनिल गुप्ता ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।मुख्य वक्ता डॉ. अशोक कुमार शर्मा, आयुर्वेद चिकित्साधिकारी, ने छात्रों और विद्यालय स्टाफ को स्वस्थ जीवनशैली के लिए दिनचर्या, रात्रिचर्या और संतुलित आहार के महत्व पर व्याख्यान दिया। उन्होंने आहार में हरी सब्जियां, मोटे अनाज और शुद्ध तेलों के सेवन की सलाह दी, साथ ही स्वच्छता के नियमों का पालन करने पर जोर दिया। डॉ. शर्मा ने योग, प्राणायाम और मुद्रा चिकित्सा के महत्व पर भी प्रकाश डाला और सभी विद्यार्थियों से इसे अपने जीवन में अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में संस्था निदेशक प्रणय गुप्ता ने ‡स्वस्थ भारत, समर्थ भारत‡ के संदेश पर विचार व्यक्त किए, और प्रिंसिपल स्वाति गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में कक्षा 8 से 10 के 300 छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय के 1000 विद्यार्थियों को जागरूकता पत्रक वितरित किए गए।

ICICI Home Finance

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी पूर्व, मुंबई- 400059, भारत

शाखा का पता: प्लॉट नंबर 1, पहली मंजिल, सहयोग भवन, एरोड्रोम सर्कल, कोटा- 324007
शाखा का पता: 'पहली मंजिल, दुकान नं. 22, शारदा कॉलोनी के सामने, नक्षत्र मॉल, बांसवाड़ा-327001
शाखा का पता: 'पहली मंजिल, होप टॉवर, कार्यालय सं.- 683 बी, सरदारपुरा, 9वीं सी-डी रोड, जोधपुर-342003

[नियम 8(6) के प्रावधान देखें]
अचल आस्तियों के विक्रय हेतु सूचना

प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। यहां जन सामान्य एवं ऋणधारक(ों) और जमानतदार(ों) को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्ति सुरक्षित लेनदार के बंधक/प्रभार में है, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लि. के प्रधिकृत अधिकारी द्वारा इसका कब्जा लिया जा चुका है, को यहां नीचे दिये गये संक्षिप्त विवरण के अनुसार 'जैसी है जहां है','जैसा है जो है', और 'वहां जो भी है' के आधार पर विक्रय की जाएगी :

क्र. स.	ऋणधारक(ों)/सह-ऋणधारक/ जमानतदारों/ कानूनी वारिसों/ की ऋण खाता संख्या	ज्ञात भार यदि कोई हो के साथ, सुरक्षित आस्ति(ों) का विवरण	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य बयाना राशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि और समय	नीलामी की दिनांक और समय	नीलामी से एक दिन पूर्व की दिनांक	सरफेसी स्टेज
(A)	(B)	(C)	(D)	(E)	(F)	(G)	(H)	(I)
1.	अकरम खान (ऋणधारक) तसलीम बानो (सह-ऋणधारक) ऋण खाता सं. LHKOT00001321772 & LHKOT00001321773	खारी बावड़ी कोटा, जिला कोटा राजस्थान स्थित मकान	रु. 23,94,052/- 10 सितम्बर, 2024	रु. 22,98,775/- रु. 2,29,877/-	04 अक्टूबर, 2024 11.00 ए.एम. 03.00 पी.एम.	10 अक्टूबर, 2024 02.00 पी.एम. 03.00 पी.एम.	09, अक्टूबर 2024 सायं 05.00 बजे से पहले	भौतिक कब्जा
2.	सत्येन्द्र कुमार (ऋणधारक) बिरमा देवी (सह-ऋणधारक) ऋण खाता सं. LHUDP00001377816 & LHUDP00001377819	गणपति सदन, तृतीय मंजिल के फ्लैट नं. 1, ईदगाह भवन के सामने, नेथलाव कॉलोनी, बांसवाड़ा, राजस्थान	रु. 12,50,373/- 10 सितम्बर, 2024	रु. 12,10,950/- रु. 1,21,095/-	04 अक्टूबर, 2024 11.00 ए.एम. 03.00 पी.एम.	10 अक्टूबर, 2024 02.00 पी.एम. 03.00 पी.एम.	09 अक्टूबर, 2024 सायं 05.00 बजे से पहले	भौतिक कब्जा
3.	किशन सिंह (ऋणधारक) चांद कंवर (सह-ऋणधारक), राजेन्द्र सिंह (सह-ऋणधारक) ऋण खाता सं. LHJOD0000130566	फ्लैट नं. 303, एलआइजी, द्वितीय तल, ब्लॉक नं. सी, खसरा नं. 17, खोखरिया, जोधपुर, राजस्थान	रु. 9,68,829/- 10 सितम्बर, 2024	रु. 10,61,577/- रु. 1,06,158/-	04 अक्टूबर, 2024 11.00 ए.एम. 03.00 पी.एम.	10 अक्टूबर 2024 02.00 पी.एम. 03.00 पी.एम.	09 अक्टूबर, 2024 सायं 05.00 बजे से पहले	भौतिक कब्जा

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **श्रीराम ऑटोमाल इंडिया लि.** की वेबसाइट **(URL Link-eauctions.samil.in)** पर आयोजित की जाएगी। बंधककर्ताओं को यह सूचना कुल बकाया आगामी ब्याज सहित **09 अक्टूबर 2024** को सायं **04:00** से पूर्व अदा करने के लिए अंतिम अवसर है अन्यथा उपरोक्त अनुसूची के अनुसार ये सुरक्षित आस्तियां बेच दी जाएंगी।
सम्भावित बोलीदाता(ओं) को **09 अक्टूबर 2024 को सायं 04:00 बजे** तक या इससे पूर्व **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** के ऊपर शीर्ष पर उल्लेखित शाखा कार्यालय के पते पर आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट(डीडी)(कॉलम ई में दर्शाये अनुसार) से बयाना राशि जमा (ईएमडी) अवश्य जमा करवानी होगी। संभावित बोलीदाता **09 अक्टूबर 2024 को सायं 05:00** बजे तक या इससे पूर्व **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** के ऊपर शीर्ष पर उल्लेखित शाखा कार्यालय के पते पर पंजीयन प्रपत्र व बोली शर्तों और शर्त प्रपत्र की हस्ताक्षरित प्रति भी अवश्य प्रस्तुत करें। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) ''**आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लि.-नीलामी**'' के पक्ष में किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से बना हुआ **कोटा, बांसवाड़ा, जोधपुर** में देय होना चाहिए।
निविदाओं की प्रस्तुति या नीलामी के नियमों व शर्तों, निरीक्षण सहित अन्य किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300** पर संपर्क करें।
किसी अथवा सभी बोलियों को बिना कोई कारण प्रस्तुत किये निरस्त करने का अधिकार प्राधिकृत अधिकारी के पास सुरक्षित है।
विक्रय की विस्तृत शर्तों व नियमों के लिए कृपया **https://www.icicihfc.com/** पर जाएं।

दिनांक : सितम्बर, 22, 2024
स्थान : कोटा, बांसवाड़ा, जोधपुर

अधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनेन्स कम्पनी लिमिटेड
CIN Number : U65922MH1999PLC120106

चिड़ावा में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

120 क्विंटल हरी लकड़ियों से भरी 3 पिकअप और 1 ट्रक जब्त, 4 आरोपी गिरफ्तार

चिड़ावा (सीमा सन्देश सं)। चिड़ावा क्षेत्र में हरी लकड़ियों के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए वन विभाग ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की है। उप वन संरक्षक बीएल नेहरा के निर्देशन में, झुंझुनूं रेंजर अमित सैनी और चिड़ावा रेंजर सुमन कुमारी ने मिलकर यह संयुक्त ऑपरेशन किया।

कार्रवाई के दौरान तीन पिकअप और एक 407 ट्रक को, जो हरी लकड़ियों से भरे हुए थे और हरियाणा ले जाए जा रहे थे, जब्त कर लिया गया रेंजर सुमन कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गाड़ियों में कुल 120 क्विंटल हरी लकड़ियां जब्त की गई हैं। इन गाड़ियों के चालकों में महरमपुर निवासी प्रविंद्र, पदमपुरा निवासी महिपाल, राहुल और उदयपुरवाटी के बास माना निवासी विकास शामिल हैं, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग की इस सख्त कार्रवाई से हरी लकड़ियों की अवैध कटाई और तस्करी पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। वन विभाग की इस पहल से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने का सख्त संदेश गया है।

इंडक्शन कार्यक्रम 'आरंभ', नव प्रवेश लेने वाले स्टूडेंट्स सम्मानित

पिलानी (सीमा सन्देश सं)। बिरला तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान पिलानी में नव प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए चल रहे ओरिएंटेशन इंडक्शन प्रोग्राम का समापन समारोह संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्राचार्य मनोज कुमार गौड़ थे। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। नव प्रवेश लेने वाले नितेश व श्रुति ने एकल नृत्य की प्रस्तुतियों से समां बांधा। प्राचार्य मनोज कुमार गौड़ ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए मेहनत व लगन से पढ़ाई करने तथा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सप्ताहभर पर चले इंडक्शन कार्यक्रम के दौरान हुई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उप प्राचार्य निरंजन शर्मा, विभागाध्यक्ष शेर सिंह, नितेश कोठारी व प्रशांत अग्रवाल, अजय कौशिक, निशा राठौड़, सुरेश सैनी, हिबा सहित स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात)
IDFC FIRST Bank
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय : केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +91 44 4564 4000 । फैक्स- +91 44 4564 4022

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अधीन सूचना

निम्न ऋणधारकों एवं सह-ऋणधारकों ने नीचे वर्णित **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात)** से सुरक्षित ऋण लिया था। निम्नलिखित ऋणधारकों एवं सह-ऋणधारकों के ऋण उनकी संबंधित सम्पत्तियों को बंधक द्वारा सुरक्षित रखा गया है। क्योंकि उन्होंने संबंधित ऋण समझौते के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात)** को देय राशियाँ उनको जारी संबंधित नोटिसों में लिखी गयी है तथा विशेष रूप से निम्न सारणी में वर्णित है और उक्त राशियों पर संबंधित तिथियों से अनुबंध की प्रभावी दर से आगामी ब्याज भी लागू होगा तथा वह वसूला जायेगा।

क्र. सं.	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	ऋणधारकों और सह-ऋणधारकों का नाम	धारा 13(2) के नोटिस की तिथि	धारा 13(2) के नोटिस के अनुसार बकाया राशि
1.	67543320	गृह ऋण	1. गुड्डु श्यामलाल 2. सुनन्दा गुड्डु	17.08.2024	2,60,411.46/-

संपत्ति का पता: ग्राम : जलवाड़ा, तहसील : किशनगंज, जिला : बारां, राजस्थान-325218 स्थित खसरा नं. 860, पट्टा संख्या 5729, सम्पत्ति क्षेत्र 17×20=340 स्कैयर फीट के समस्त खण्ड व हिस्से और **सीमाबद्ध इस प्रकार: पूर्वः श्याम सिंह, पश्चिम : आम रास्ता, उत्तरः बाबूलाल, दक्षिण : लक्ष्मण जी**

क्र. सं.	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	ऋणधारकों और सह-ऋणधारकों का नाम	धारा 13(2) के नोटिस की तिथि	धारा 13(2) के नोटिस के अनुसार बकाया राशि
1.	98835371	गृह ऋण	1. श्यामू जाट 2. मधु लाल लाट 3. शिवराज चौधरी	31.07.2024	16,45,904.32/-

संपत्ति का पता: गांव राजोला, ग्राम पंचायत : देवली, पं.स. सुवाना, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान-311802 स्थित सम्पत्ति पट्टा संख्या 12, सम्पत्ति क्षेत्र 2222 स्क्वैयर फीट के समस्त खण्ड व हिस्से, **और सीमाबद्ध इस प्रकार: पूर्वः रतन लाल पुत्र लादु लाल जाट, पश्चिमः रूप लाल पुत्र दुल्ला जाट, उत्तरः खुद का मकान, दक्षिणः आम रास्ता**

आपको एतद्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सारणी में दर्शाई राशियों को संबंधित तिथियों से, उस पर लगे आगे के अनुबंध में ब्याज दर तथा अन्य लागतों, प्रभारों आदि सहित **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात)**को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात) को देय राशि वसूल करने के लिये, बंधक रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पड़ेगा/इसके अलावा उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात)

दिनांक : 22.09.2024
स्थान- राजस्थान

शानदार प्रदर्शन पांचवें दिन का रोमांच बरकरार, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

राजस्थान राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित

झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)। जिला मुख्यालय के डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित राजस्थान राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के पांचवें दिन खेल का जोश और उत्साह अपने चरम पर रहा।

विभिन्न वजन वर्गों में मुकाबले पूरे जोश और कड़े संघर्ष के साथ खेले गए। जिसमें खिलाड़ियों ने अपने कौशल और दमखम का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विजेताओं की घोषणा के बाद स्कूल के अध्यक्ष राजेंद्र मंडीवाल, निदेशक राजेश मंडीवाल और सीईओ डॉ. विवेक चौधरी ने सभी विजेताओं को बधाई दी और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। प्रतियोगिता के मुख्य संयोजक डॉ. अनंत शर्मा ने जानकारी दी कि खिलाड़ियों ने अपने हुनर से सभी को प्रभावित किया और इस प्रतियोगिता के पांचवे दिन मुकाबले और भी दिलचस्प होते जा रहे हैं। इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु और वजन वर्गों में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अंडर-17 बालिकाएं 38 किग्रा वर्ग में जयपुर सिटी की कामाक्षी ने स्वर्ण पदक जीता, अलवर की वंशिका ने रजत पदक प्राप्त किया। जबकि झुंझुनूं की साक्षी और दौसा की शिखा ने कांस्य पदक हासिल किया। अंडर-19 बालक 78 किग्रा वर्ग में बीकानेर के युवराज ने स्वर्ण पदक जीता, झुंझुनू के नवनीत ने रजत पदक प्राप्त किया, जबकि जयपुर सिटी के आदि और सीकर के अजीत ने कांस्य पदक जीते। अंडर-17 बालिकाएं 32 किग्रा वर्ग में सीकर की अनुष्का ने स्वर्ण पदक जीता। जयपुर ग्रामीण की मेधावी ने रजत पदक हासिल किया। जबकि भरतपुर की जया और झुंझुनूं की ईशा ने कांस्य पदक प्राप्त किया।अंडर-17 बालिकाएं 55 किग्रा वर्ग में नागौर की भार्गवी ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। बीकानेर की अन्नपूर्णा ने रजत पदक जीता और जयपुर सिटी की शगुन और झुंझुनूं की पायल ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

बीकानेर शिक्षा विभाग निदेशालय द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक और गवर्नमेंट सीनियर सैकंडरी स्कूल बगड़ के प्रिंसिपल विनोद कुमार और चयन समिति संयोजक शारीरिक शिक्षक सरिता ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में राजस्थान के 45 जिलों की टीमों से कुल 1391 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। जिनके साथ 225 से अधिक कोच और दल प्रभारी भी मौजूद हैं। झुंझुनूं जिले के अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार, जो कि प्रतियोगिता के प्रभारी भी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया की समाचार लिखे जाने तक अन्य मुकाबले भी चल रहे थे और उनके परिणाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे।

CMYK